मुख्य चुनाव आयुक्त ने किया स्वीप प्रदर्शनी का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

30 सितंबर, 2023 को भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरुण गोयल ने जयपुर के राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा में निर्वाचन विभाग की ओर से लगाई स्वीप प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- प्रदर्शनी में बाड़मेर की 200 फीट लंबी जागरूकता मतदाता फड़ ने जहाँ हर किसी का ध्यान खींचा, वहीं युवाओं और नव मतदाताओं को जागरूक करने के लिये खासतौर पर ELC क्लब कार्टून्स और वर्चुअल रियलिटी का सहारा लिया गया।
- दिव्यांगकर्मियों द्वारा संचालित आदर्श मतदान केंद्र, स्वीप के थैमेटिक पैनल एग्जिबिशन, सैंड आर्ट एग्जिबिशन और पेंटिंग गैलरी आकर्षण का केंद्र रहे।
- केंद्रीय संचार ब्यूरो के बुनकर समूह के द्वारा मतदान को प्रेरित करने हेतु तैयार किये गए स्याही लगी अंगुली के निशान ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।
- सतरंगी सप्ताह के तहत 7 थैमेटिक पोस्टर्स का विमोचन किया गया। नए वोटर्स को एपिक कार्ड वितरित किये गए। निर्वाचन विभाग के आइकॉन्स और बेहतरीन कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया गया।
- कार्यक्रम में ‘मैं भारत हूँ’ गाने को राजस्थान बैकड्रॉप में लॉन्च किया गया, जिसे दिव्यांग बच्चों ने साइन लैंग्वेज में प्रस्तुत किया। बारां के सहरिया आदिवासियों ने 4 मिनट के शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। जैसलमेर के मांगणियार और अजमेर से कालबेलिया डांस की प्रस्तुति ने भी सबका मन मोह लिया।
- प्रदर्शनी में विभिन्न ज़िलों में संचालित की जा रही स्वीप गतिविधियों को खूबसूरत तरीके से दर्शाया गया। साथ ही स्वीप गतिविधियों में प्रयुक्त विभिन्न प्रचार सामग्रियों को भी आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया।

मिशन 75
यूथ चला बूथ
Saksham-ECI
Helpline
राजस्थान

मतदाता जागरूकता

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-election-commissioner-inaugurated-the-sweep-exhibition

दृष्टि The Vision